Dhanbad में नकली शराब बेचते युवक को स्पेशल टीम ने दबोचा

अब इसे नियमों की अवहेलना कहें या साहब का आशीर्वाद,जो बंदी के वाबजूद खुलेआम श्रमिक चौक पर अवैध शराब की बिक्री कर रहे हैं जानकारी के बाद उत्पाद विभाग तो नहीं कर सकी कुछ कार्रवाई लेकिन एसएसपी के SOG ने स्टेशन रोड इलाके से अवैध एवं नकली शराब बेचते दो युवकों को गिरफ्तार किया है साथ ही नकली शराब भी जब्त की है।

दुकानों से नकली शराब की खुलेआम हो रही थी बिक्री

बता दें कि धनबाद स्टेशन रोड स्थित श्रमिक चौक इलाके में खुलेआम अवैध तरीके से शराब की बिक्री हो रही थी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी शराब दुकान को 48 घंटे पूर्व बंद करने के निर्देश दिए गए हैं वही किसी तरह के शराब की बिक्री पर पूर्णत रोक है और लगातार छापेमारी अभियान में चलाई जा रही है बावजूद शहर में उत्पाद विभाग के नाक के नीचे खुलेआम रात के करीब 9:30 बजे कुछ इस तरीके से अवैध शराब की बिक्री हो रही थी। इस संबंध में उत्पाद विभाग को भी सूचना दी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पाई

उत्पाद विभाग नहीं पहुंची : SSP की स्पेशल टीम ने कार्रवाई कर दबोचा

हालांकि उत्पाद विभाग के ऑफिसर को इसकी जानकारी भी दी गई, शराब बेचते वीडियो भी भेजा गया ,बावजूद कोई कार्यवाई नहीं हुई तब जब इसकी सूचना जिले के एसएसपी को दी गई, कुछ ही देर में SOG की टीम मौके पर पहुंची और दो को मौके से पकड़ा।

Source: https://mirrormedia.co.in/special-team-caught-a-young-man-selling-fake-liquor-in-dhanbad/